उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-102 /12/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-24 /02-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 06 दिसम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2023, एक्स-रे टेक्नीशियन (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/02 के अंतर्गत महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ के नियंत्रणाधीन एक्स-रे टेक्नीशियन के कुल रिक्त 382 पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 15-12-2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि परीक्षा हेतु जनपद की जानकारी के लिए **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Examination Interview सेगमेंट के अंतर्गत सम्बन्धित विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं व उसे डाउनलोड कर सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे मुख्य परीक्षा हेतु अपने प्रवेश पत्र दिनांक 12-12-2024 से आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर वैध प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। वैध प्रवेश पत्र के बिना अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

06/12/2024
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।